कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0—8544412079
हाजीपुर, वैशाली—844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com

पत्रांक—1471

सेवा में,

प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक
सभी सरकारी विद्यालय
जिला—वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक—18/12/25

विशयः— कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्मित वेबसाइट **https://deovaishali.in** के माध्यम से अनुपस्थिति विवरणी एवं विद्यालय से संबंधित विवरणी प्राप्त करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि जिला के द्वारा शिक्षकों के अनुपस्थिति विवरणी, वेतन संबंधित शिकायत, जिले के द्वारा प्रेषित पत्र एवं विद्यालय के आधारभूत संरचना का आंकड़ा एकत्रित करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय का वेबसाइट **https://deovaishali.in** का निर्माण किया गया है।

उक्त के आलोक में निम्न दिशा—निर्देश दिया जाता है :—

(i) वेबसाइट पर विद्यालय लॉगिन करके (यूजर आई डी0 में विद्यालय Udise कोड एवं पासवर्ड—123456 है। लॉगिन करने के पश्चात सर्वप्रथम पासवर्ड बदलना सुनिश्चित करेंगे।) सभी शिक्षकों का PRAN/UAN संख्या का मिलान करते हुए अपडेट किया जाए एवं माह दिसंबर 2025 से शिक्षकों का अनुपस्थिति विवरणी वेबसाइट के माध्यम से निर्गत करते हुए PDF को डाउनलोड कर हस्ताक्षरोपरान्त अपलोड जाय। अपलोड करने के पश्चात अनुपस्थिति विवरणी संबंधित प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को हस्तगत करायेंगे। ताकि ससमय भुगतान किया जा सके।

(ii) विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचना की विवरणी, विद्यालय से संबंधित फोटोग्राफ, विद्यालय में अध्यनरत छात्र / छात्राओं की संख्या एवं विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं की जानकारी अविलम्ब अद्यतन किया जाए। इसके साथ ही जब भी विद्यालय के आधारभूत संरचना में कोई परिवर्तन हो तो उसको ससमय विद्यालय लॉगिन से अद्यतन कर दिया जाए।

(iii) विद्यालय के प्रधान विद्यालय लॉगिन में संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध चल रही जिला स्तर से कार्रवाई(वेतन स्थगित, वेतन कटौती, निलंबित एवं अन्य) वेतन भुगतान की स्थिति के साथ—साथ जिला स्तरीय कार्यालय के द्वारा निर्गत सभी पत्र देख सकेंगे। इसका उद्देश्य है कि आवश्यकता पड़ने पर प्रखंड / जिला स्तर से विद्यालय का Udise कोड को डालकर विद्यालय से संबंधित सभी विवरणी को प्राप्त किया जा सके ताकि प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु अनावश्यक पत्राचार एवं समय को बचाया जा सके।

विश्वासभाजन

18.12.25

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली

18.12.25

ज्ञापांकः—1471 हाजीपुर दिनांकः—18/12/25

प्रतिलिपिः—सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी / सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी / **HRMS** वेतन भुगतान शाखा, कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली / सभी शिक्षक / शिक्षिका जिला—वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः—जिला पदाधिकारी, वैशाली की सेवा मे सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः—क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, तिरहुत प्रमंड, मुजफ्फरपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

18.12.25

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली

18.12.25